फा.स. 7/1/2018-गो1/2

कर्मचारी चयन आयोग

गोपनीय-1/2 अनुभाग

विषय: केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ), राष्ट्रीय जांच एजेंसी, सचिवालय सुरक्षा बल में कांस्टेबल (सा.ड्यू) और असम राइफल्स में राइफलमैन (सा.ड्यू) परीक्षा, 2018-शारीरिक क्षमता परीक्षा (पीईटी)/शारीरिक मानक परीक्षा (पीएसटी) के लिए शार्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों की अतिरिक्त सूची।

आयोग द्वारा शारीरिक क्षमता परीक्षा (पीईटी)/शारीरिक मानक परीक्षा (पीएसटी) के लिए अभ्यर्थियों को बुलाने हेतु केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ), राष्ट्रीय जांच एजेंसी, सचिवालय सुरक्षा बल में कांस्टेबल (सा.ड्यू) और असम राइफल्स में राइफलमैन (सा.ड्यू) परीक्षा, 2018 का संशोधित परिणाम दिनांक 12.09.2019 को घोषित किया गया था, जिसमें आयोग द्वारा शारीरिक क्षमता परीक्षा (पीईटी)/शारीरिक मानक परीक्षा (पीएसटी) में उपस्थित होने के लिए 5,35,169 अभ्यर्थियों (महिला-68,781 और पुरूष-4,66,388) को शार्टलिस्ट किया गया था।

गृह मंत्रालय ने दिनांक 26.11.2019 के पत्र के तहत कुल 60210 रिक्तियों की सूचना दी थी। कुछेक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की रिक्तियों में संशोधन के कारण लगभग 1:10 (रिक्तियां:अभ्यर्थी) के अनुपात में अतिरिक्त अभ्यर्थियों को शार्टलिस्ट किया गया है। उपर्युक्त के मद्देनजर शारीरिक क्षमता परीक्षा (पीईटी)/शारीरिक मानक परीक्षा (पीएसटी) में उपस्थित होने के लिए 19,734 अतिरिक्त अभ्यर्थियों (महिला-8,588 और पुरूष-11,146) को शार्टलिस्ट किया गया है।

3. पीईटी/पीएसटी के लिए अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों के संशोधित अंक व उनकी जन्म तिथि सहित अखिल भारतीय रिक्तियों के लिए पीईटी/पीएसटी हेतु अतिरिक्त रूप से अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों का श्रेणी-वार ब्यौरा इस प्रकार हैं:

3.1 महिला:

(क) अखिल भारतीय रिक्तियों के लिए अर्हता प्राप्त महिला अभ्यर्थी (केवल सचिवालय सुरक्षा बल के लिए):

श्रेणी	अतिरिक्त उपलब्ध अभ्यर्थी	कट-ऑफ विवरण			
		अंक	भाग- क अंक	भाग- ख अंक	जन्म तिथि (दिनांक/महीना/वर्ष)
अनुसूचित जाति	2	70.11958	17	8	13-07-1993
अनु. जनजाति	1	71.80804	17	14	20-06-1995
अन्य पिछड़ा वर्ग	-	76.19208	20	15	20-05-1996
अनारक्षित	-	78.14572	21	13	01-01-1996

3 .2 <u>पुरुष:</u>

(ख) अखिल भारतीय रिक्तियों के लिए अर्हता प्राप्त पुरुष अभ्यर्थी (केवल राष्ट्रीय जांच एजेंसी और सचिवालय सुरक्षा बल के लिए):

बल	श्रेणी	अतिरिक्त उपलब्ध अभ्यर्थी	कट-ऑफ विवरण			
			अंक	भाग- क अंक	भाग- ख अंक	जन्म तिथि (दिनांक/महीना/वर्ष)
राष्ट्रीय जांच एजेंसी	अनुसूचित जनजाति	-	93.54818	23	19	21-10-1996
राष्ट्रीय जांच एजेंसी	भूत पूर्व सैनिक	-	76.19208	20	11	20-02-1982
राष्ट्रीय जांच एजेंसी	अन्य पिछड़ा वर्ग	-	97.31669	22	15	16-02-1996
राष्ट्रीय जांच एजेंसी	अनारक्षित	-	97.65857	24	19	05-01-1999
सचिवालय सुरक्षा बल	अनुसूचित जाति	-	82.18830	19	14	12-01-1993
सचिवालय सुरक्षा बल	अनुसूचित जनजाति	-	80.41791	22	14	10-05-1995
सचिवालय सुरक्षा बल	भूत पूर्व सैनिक	-	35.05456	9	9	09-06-1983
सचिवालय सुरक्षा बल	अन्य पिछड़ा वर्ग	-	87.55224	22	16	12-10-1992
सचिवालय सुरक्षा बल	अनारक्षित	-	87.74985	25	16	19-11-1995

4. पीईटी/पीएसटी के लिए अभ्यर्थियों को शार्टलिस्ट किए जाने हेतु श्रेणी-वार संशोधित कट-ऑफ ब्योरा और सामान्य जिला क्षेत्र, सीमावर्ती जिला क्षेत्र व नक्सल /आतंकवाद प्रभावित जिला क्षेत्र की रिक्तियों के लिए शार्टलिस्ट किए गए अतिरिक्त अभ्यर्थियों की संख्या इस प्रकार हैं:

4.1 <u>महिला:</u>

i. सामान्य जिला क्षेत्र के लिए राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र वार रिक्त पदों के लिए अर्हता प्राप्त महिला अभ्यर्थियों का कट-ऑफ विवरण <u>अनुबंध- I</u> में दिया गया है।

ii. सीमा वर्ती जिला क्षेत्र की आरक्षित रिक्तियों के लिए अर्हता प्राप्त महिला अभ्यर्थियों का कट-ऑफ विवरण **अनुबंध- II** में दिया गया है।

iii. नक्सल/आतंकवाद प्रभावित जिला क्षेत्र की आरक्षित रिक्तियों के लिए अर्हता प्राप्त महिला अभ्यर्थियों का कट-ऑफ विवरण **अनुबंध- III** में दिया गया है।

4.2 पुरुष:

i. सामान्य जिला क्षेत्र के लिए राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र वार रिक्त पदों के लिए अर्हता प्राप्त पुरुष अभ्यर्थियों का कट-ऑफ विवरण **अनुबंध-IV** में दिया गया है।

ii. सीमा वर्ती जिला क्षेत्र की आरक्षित रिक्तियों के लिए अर्हता प्राप्त पुरुष अभ्यर्थियों का कट-ऑफ विवरण **अनुबंध-V** में दिया गया है।

iii. नक्सल/आतंकवाद प्रभावित जिला क्षेत्र की आरक्षित रिक्तियों के लिए अर्हता प्राप्त पुरुष अभ्यर्थियों का कट-ऑफ विवरण **अनुबंध-VI** में दिया गया है।

5. रिक्तियों में संशोधन किए जाने के कारण दिनांक 12-09-2019 को आयोग द्वारा घोषित परिणाम के संबंध में कुछेक अभ्यर्थियों की चयन स्थिति अखिल भारतीय/सामान्य क्षेत्र/नक्सल क्षेत्र/सीमावर्ती जिला क्षेत्रों की रिक्तियों के अंतर्गत बदल गई है। जिन अभ्यर्थियों को पहले ही किसी भी प्रकार की रिक्तियों के लिए अर्हता प्राप्त घोषित किया गया था, उन्हें अतिरिक्त परिणाम में पुनः दर्शाया नहीं गया है।

6. अभ्यर्थियों द्वारा उनके ऑनलाइन आवेदन-पत्र में भरी गई सूचना के संबंध में अभ्यर्थी के डेटा/परिणाम में कोई गड़बड़ी हो तो उसे ऑनलाइन आवेदन-पत्र के प्रिंटआउट की एक प्रति के साथ दिनांक 15-01-2020 तक आयोग के ध्यान में लाया जाए। दिनांक 15-01-2020 के बाद प्राप्त किसी भी ऐसे अभ्यावेदन पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

7. अन्य प्रावधान दिनांक 12-09-2019 और 20-06-2019 को आयोग द्वारा घोषित परिणामों के अनुसार हैं।

8. पीईटी/पीएसटी के लिए अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों को आमंत्रण-पत्र (कॉल लेटर) नोडल सीएपीएफ अर्थात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा उसकी वेबसाइट अर्थात http://crpf.gov.in पर जारी किए जाएंगे।

अवर सचिव (गो-1/2)
31-12-2019